**प्रेरणा**
गलत लोग सभी के जीवन में आते हैं, लेकिन सीख हमेशा सही देकर जाते हैं !

सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज




www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-4 • 19 MAY TO 25 MAY 2023 • VOLUME 43 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863



Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING DESIGN TRAINING


INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE

ISO CERTIFIED 2015 COMPANY

✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD

Low Filing Charges &
*Pay Money after the visa

•IELTS •STUDY ABROAD




*T&C apply

E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663

REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.


# बहुसंख्यक ठेका मुलाजिम जल्द होंगे रेगुलर, कैबिनेट सब-कमेटी ने दिया भरोसा

## एडहॉक, ठेका आधारित, दिहाड़ीदार और अस्थाई कर्मचारियों की भलाई के लिए नीति नोटीफाई

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



पंजाब सरकार के मुलाजिमों के मसलों को हल करने की प्रक्रिया को और तेज करते हुये कैबिनेट सब-कमेटी, जिसमें वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा, रोज़गार उत्पत्ति मंत्री अमन अरोड़ा, परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह शामिल थे, की मीटिंग के दौरान अलग-अलग मुलाज़िम यूनियनों और ऐसोसीएशनों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की गई। यहां पंजाब भवन में हुई क्रमवार मीटिंगों के दौरान नशा छुड़ाओ और पुनर्वास यूनियन, बेरोजगार मल्टीपर्पज़ हैल्थ वर्कर यूनियन, पंजाब रोडवेज़ पनबस स्टेट ट्रांसपोर्ट वर्करज़ यूनियन, ओवरएज़ बेरोजगार यूनियन, पंजाब पे स्केल बहाली सांझा फ्रंट और पंजाब-चंडीगढ़ यू. टी. पैंशनर फ्रंट ने अपने मसले उठाए और सब कमेटी को माँग पत्र सौंपे। विभिन्न विभागों में ठेके पर काम करते मुलाजिमों की सेवाओं को रेगुलर करने के सांझे मुद्दों के जवाब में वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने दस सालों का तजुर्बा रखने वाले मुलाजिमों की सेवाओं को रेगुलर करने की नीति नोटीफाई कर दी है। उन्होंने कहा कि यह नीति बहुसंख्यक ठेके पर रखे मुलाजिमों की सेवाओं को रेगुलर करने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि जो मुलाज़िम इस नीति के अधीन नहीं आ सकेंगे उनके मामले भी अगले पड़ाव के दौरान हमदर्दी से विचारे जाएंगे।

कैबिनेट सब-कमेटी ने यूनियनों को यह भी भरोसा दिया कि राज्य सरकार ने आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए भी विशेष नीति बनाने पर काम करना शुरू कर दिया है जिससे यह यकीनी बनाया जा सके कि वे भी वेतन और छुट्टियों में सालाना वृद्धि जैसे लाभ प्राप्त कर सकें। कैबिनेट मंत्रियों ने दोहराया कि सब-कमेटी मुलाजिमों की सेवाओं को रेगुलर करने सहित उनकी सभी माँगों और मसलों को इस तरीके के साथ हल करने के लिए यत्नशील है कि किसी कानूनी अड़चन का सामना न करना पड़े।

इस दौरान अमन अरोड़ा ने कहा कि पिछली सरकारों ने अपने कार्यकाल के आखिरी सालों के दौरान मुलाजिमों को रेगुलर करने के लिए जानबुझ कर ऐसी दोगलियां नीतियाँ अपनाईं, जिनको अदालतों में चुनौती दी जानी स्वाभाविक थी। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने बेरोजगार मल्टीपर्पज़ हैल्थ वर्करज़ यूनियन के प्रतिनिधियों को भरोसा दिया कि मल्टीपर्पज़ हैल्थ वर्करों के 200 पदों को भरने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने नशा छुड़ाओ और पुनर्वास यूनियन के प्रतिनिधियों को नशा छुड़ाओ और पुनर्वास प्रोग्राम के सकारात्मक नतीजे लाने के लिए और प्रयास करने का न्योता देते हुये कहा कि सरकार पहले से ही उनकी कामकाज की परिस्थितियों को सुधारने के लिए काम कर रही है।

### पनबस की 587 बसों का पंजाब रोडवेज़ में किया जायेगा विलय

पंजाब के परिवहन विभाग की रीढ़ की हड्डी मानी जाती पंजाब रोडवेज़ की पुरातन शान बहाल करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने पनबस की कर्ज़-मुक्त बसों को पंजाब रोडवेज़ में शामिल करने का फ़ैसला किया है। पनबस की तकरीबन 587 बसों के विलय के बाद पंजाब रोडवेज़ के बेड़े में बसों की संख्या 790 हो जायेगी। कैबिनेट सब कमेटी, जिसमें वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा, रोज़गार उत्पत्ति मंत्री श्री अमन अरोड़ा, परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह शामिल थे, ने परिवहन विभाग को पंजाब रोडवेज़ में पनबस की कर्ज़-मुक्त बसों के विलय की प्रक्रिया को तेज करने के लिए कहा। यहाँ पंजाब भवन में पंजाब रोडवेज़/पनबस स्टेट ट्रांसपोर्ट वर्करज़ यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग के दौरान सब कमेटी ने विभाग के अधिकारियों को हिदायत की कि सरकारी बसों की नियमित चैकिंग की जाये और बगैर टिकट से सफ़र करने वाले मुसाफ़िरों से दस गुणा किराया वसूला जाये और नियमों अनुसार बनती कार्रवाई की जाये।

# महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण, पीएम मोदी कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष से करेंगे मुलाकात

**टोक्यो.** जापान के हिरोशिमा में आयोजित होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए विश्व के कई नेता यहां पहुंच गये हैं। सम्मेलन के दौरान यूक्रेन में रूसी हमले के मुद्दे पर चर्चा होने की उम्मीद है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी7 समूह सम्मेलन में भाग लेने के लिए 19 मई को जापान जाएंगे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कहा कि जी-7 समिट में अतिथि देश के तौर पर हिस्सा लेने के लिए प्रधानमंत्री कल सुबह (19 मई) जापान के हिरोशिमा के लिए रवाना होंगे। प्रधानमंत्री कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ द्विपक्षीय मुलाकात भी करेंगे। प्रधानमंत्री जापान के प्रधानमंत्री के साथ भी मुलाकात करेंगे और हिरोशिमा में महात्मा गांधी की प्रतिमा का भी अनावरण करेंगे।




जी7 शिखर सम्मेलन के लिए प्रधान मंत्री की जापान यात्रा पर विदेश सचिव ने कहा कि पीएम जापान के पीएम के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। उनका हिरोशिमा में महात्मा गांधी की एक आवक्ष प्रतिमा का अनावरण करने का कार्यक्रम है। हम हिरोशिमा में क्वाड नेताओं की बैठक की योजना बना रहे हैं। अपनी तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण के लिए, प्रधान मंत्री पापुआ न्यू गिनी का दौरा करेंगे।

जी-7 में जापान, अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा और इटली के साथ-साथ यूरोपीय संघ भी शामिल है। कई अन्य देशों को भी सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है जिनमें ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, भारत, इंडोनेशिया और दक्षिण कोरिया अतिथि देशों के रूप में सम्मेलन में भाग लेंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के ऑनलाइन तरीके से इसमें शामिल होने की उम्मीद है।

# केंद्र सरकार ने दो मंत्रियों के विभागों में किया फेरबदल

**मुंबई.** सीनियर मंत्री के बाद अब जूनियर मंत्री को भी कानून मंत्रालय से हटा दिया गया है। कानून मंत्रालय में राज्यमंत्री के तौर पर अपनी भूमिका निभा रहे एसपी सिंह बघेल को अब स्वास्थ्य राज्य मंत्री बना दिया गया है। इससे पहले किरेन रिजिजू को भी कानून मंत्रालय से हटाकर पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई थी।



मोदी सरकार का अपने आप में एक बड़ा फैसला है। एक ही दिन में कानून मंत्रालय संभाल रहे दोनों मंत्रियों को बदल दिया गया है। केंद्र सरकार ने बृहस्पतिवार को दो मंत्रियों के विभागों में बदलाव करते हुए किरेन रीजीजू की जगह संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल को कानून मंत्री बनाया। रीजीजू को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का प्रभार दिया गया है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति ने केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सदस्यों को विभागों का पुन:आबंटन किया है।

# पंजाब में कर्मचारियों की हड़ताल खत्म, सीएम मान से 6 जून को मीटिंग तय

**जालंधर.** मुख्यमंत्री भगवंत मान से लिखित में मीटिंग का समय मिल जाने के बाद मिनिस्ट्रियल स्टाफ यूनियन ने अपनी कलम छोड़ हड़ताल वापस ले ली है। मुख्यमंत्री ने 6 जून को कर्मचारियों को उनकी मांगों पर विचार विमर्श करने के लिए बुलाया है। कल से रोजाना की तरह फिर डीसी दफ्तर से लेकर तहसीलों तक सुचारु रूप से काम होगा। बता दें कि कर्मचारियों ने आज से 23 मई तक कलम छोड़ हड़ताल का ऐलान कर रखा था। कर्मचारियों का कहना था कि चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री ने एक होटल में उनके साथ मीटिंग की थी और खुद उन्हें 17 मई को जालंधर में मीटिंग का समय दिया था। लेकिन जब वह होटल में मीटिंग करने के लिए पहुंचे को उन्हें कहा गया कि मीटिंग फिक्स नहीं है।

# सिद्धारमैया के शपथ ग्रहण में होगा विपक्ष का शक्ति परीक्षण, कई बड़े नेताओं को बुलाया

**बैंगलुरू.** कर्नाटक में कांग्रेस ने जबरदस्त जीत हासिल की है। इस जीत के बाद कांग्रेस में उत्साह भी देखने को मिल रहा है। कर्नाटक में सिद्धारमैया नए मुख्यमंत्री होंगे। उनका शपथ ग्रहण समारोह 20 मई को होगा। इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। इन सब के बीच कर्नाटक में सिद्धारमैया के शपथ ग्रहण को शक्ति प्रदर्शन के रूप में पेश करने की भी तैयारी की जा रही है। इसको लेकर कांग्रेस की ओर से कई बड़े नेताओं को बुलावा भेजा गया है। कर्नाटक कांग्रेस ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को निमंत्रण दिया है।

इसके अलावा छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल, राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत, हिमाचल प्रदेश के सुखविंदर सिंह सुक्खू, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन, तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, एसपी प्रमुख अखिलेश यादव, एनसीपी प्रमुख शरद पवार, पूर्व मुख्यमंत्री महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, नेकां प्रमुख फारूक अब्दुल्ला और ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक को भी आमंत्रित किया गया है।



# 10 जून तक सभी पंचायती ज़मीनों से कब्जे छुड़वाने के हुक्म

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब के ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने राज्य के समूह ज़िला विकास एवं पंचायत अफ़सरों (डीडीपीओ) को हिदायत की है कि राज्य भर में सरकारी पंचायती ज़मीनों पर हुए नाजायज कब्जों को 10 जून तक छुड़ाया जाये। उन्होंने कहा कि पिछले साल पहले पड़ाव के दौरान 9400 एकड़ के करीब सरकारी पंचायती ज़मीनों से नाजायज कब्ज़ा छुड़वाया जा चुका है और इसमें मौजूदा साल और तेज़ी लाई जाये।



धालीवाल ने कहा कि अदालत की तरफ से स्टे लगाई ज़मीनों के इलावा जिन ज़मीनों पर अभी तक नाजायज कब्ज़ाधारक बैठे हैं, उनसे कब्ज़ा हर हाल 10 जून तक लिया जाये। काबिलेगौर है कि दूसरे चरण में अब तक 469 एकड़ अन्य सरकारी पंचायती ज़मीनें नाजायज कब्जाधारकों से छुड़वाई जा चुकी हैं।

स्थानीय पंजाब भवन में राज्य के समूह डीडीपीओज़ की मीटिंग की अध्यक्षता करते हुये धालीवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान की साफ़ हिदायतें हैं कि लोगों को पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन दिया जाये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की इसी सोच के अंतर्गत किसी भी शामलात ज़मीन की बोली के दौरान किसी रसूखदार व्यक्ति या राजनैतिक नेता की कोई सिफ़ारिश न मानी जाये। हर ज़मीन की बोली पारदर्शी तरीके और बिना किसी सिफ़ारिश के करवाई जाये।

उन्होंने कहा कि शामलात ज़मीनों की बोली के लिए अब कम से कम 15 हज़ार रुपए की रकम निश्चित जायेगी और सफल बोलीकार से ज़मीन का ठेका नकद भरवाया जायेगा। उन्होंने इस बात का गंभीर नोटिस लिया कि राज्य में बहुत सी शामलात ज़मीनें नाममात्र जैसे ठेके पर दे दी जाती हैं, जिस कारण सरकारी ख़ज़ाने को भारी नुकसान होता है।

# क्रेडिट-डेबिट कार्ड से पैसे खर्च करने के बदल गए नियम

**मुंबई.** वित्त मंत्रालय ने कहा है कि इंटरनेशनल क्रेडिट कार्ड से विदेश में होने वाला खर्च एलआरएस स्कीम के दायरे में लाने के लिए फेमा कानून में बदलाव करने का मकसद डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड से भेजी गई राशि के कर संबंधी पहलुओं में समानता लाना है। वित्त मंत्रालय ने गुरूवार को बयान में कहा कि फॉरेक्स मैनेजमेंट (फेमा) संशोधन नियम, 2023 के माध्यम से क्रेडिट कार्ड के जरिये विदेश में होने वाला खर्च भी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एलआरएस योजना में शामिल कर लिया गया है।

**1 जुलाई से लागू होंगी नई दरें :** इससे विदेश में खर्च की गई राशि पर लागू दरों पर 'स्रोत पर कर संग्रह' (टीसीएस) किया जा सकेगा। अगर टीसीएस देने वाला व्यक्ति करदाता है तो वह अपने आयकर या अग्रिम कर देनदारियों के एवज में क्रेडिट या समायोजन का दावा कर सकता है। इस साल के बजट में विदेशी टूर पैकेज एवं एलआरएस के तहत विदेश भेजे गए पैसे पर टीसीएस को पांच प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा गया था। नई कर दर एक जुलाई से प्रभावी होगी।

**फेमा कानून में किया गया संशोधन :** मंत्रालय ने गत मंगलवार को ही इस संदर्भ में एक अधिसूचना जारी कर फेमा कानून में संशोधन किए जाने की जानकारी दी थी। इस अधिसूचना में एलआरएस को शामिल करने के बाद 2.5 लाख रुपये से अधिक मूल्य की विदेशी मुद्रा के किसी भी धन-प्रेषण के लिए आरबीआई की मंजूरी लेनी जरूरी होगी। इस अधिसूचना के पहले तक विदेश यात्रा के दौरान खर्चों के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड से किए गए भुगतान एलआरएस के दायरे में नहीं आते थे।




**हटाई गई धारा 7 :** वित्त मंत्रालय ने आरबीआई के साथ परामर्श के बाद जारी अधिसूचना में फेमा अधिनियम, 2000 की धारा सात को हटा दिया है। इससे विदेश में अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड से किया गया भुगतान भी एलआरएस के दायरे में आ गया है।

**मंत्रालय ने दिए सवालों के जवाब :** मंत्रालय ने इस बदलाव पर संबंधित प्रश्नों एवं उनके जवाब की एक सूची जारी करते हुए स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश की है। उसने कहा कि एलआरएस के तहत डेबिट कार्ड से किए गए भुगतान पहले ही शामिल थे लेकिन क्रेडिट कार्ड से विदेश में किए गए खर्च इस सीमा में नहीं आते थे। इसकी वजह से कई लोग एलआरएस सीमा को पार कर जाते थे।

**आरबीआई ने लिखा सरकार को पत्र :** विदेश पैसे भेजने की सुविधा देने वाली कंपनियों से मिले आंकड़ों से पता चला कि 2.50 लाख रुपये की मौजूदा एलआरएस सीमा से अधिक खर्च की अनुमति वाले अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड जारी किए जा रहे हैं। मंत्रालय के मुताबिक, आरबीआई ने भी कई बार सरकार को पत्र लिखा था कि विदेश में डेबिट एवं क्रेडिट से किए जाने भुगतान को लेकर अलग बर्ताव खत्म किया जाना चाहिए।

# सीबीआई के बाद अब ईडी के सामने पेश हुईं राबड़ी देवी, नौकरी के बदले जमीन का है मामला

**नई दिल्ली.** राजद प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू यादव अपनी पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से इससे पहले केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पूछताछ की थी। अब ईडी मनी लॉन्ड्रिग के आरोपों के तहत उनका बयान दर्ज कर रही है। नौकरी के बदले जमीन का मामला यादव के परिवार को 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री रहने के दौरान उपहार में दी गई या बेची गई जमीन के बदले में रेलवे में की गई कथित नियुक्तियों से जुड़ा है।



केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मार्च में राजद प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद से नौकरियों के लिए जमीन मामले में पूछताछ की थी। सीबीआई ने अक्टूबर 2022 में लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी राबड़ी देवी सहित 16 आरोपी लोगों के खिलाफ आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार के अपराधों के मामले में चार्जशीट दायर की। चार्जशीट के अनुसार, लालू प्रसाद और अन्य के खिलाफ प्रारंभिक जांच के परिणाम के बाद मामला दर्ज किया गया था।

विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने 27 फरवरी को आरोपियों को सम्मन जारी किया था और उन्हें 15 मार्च को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था। 15 मार्च को, राजद प्रमुख और उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती को मामले के सिलसिले में दिल्ली की एक अदालत ने जमानत दे दी थी। अदालत ने कहा कि मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बिना गिरफ्तारी के आरोप पत्र दाखिल किया। इसने प्रत्येक आरोपी को 50,000 रुपये के निजी जमानत बांड और इतनी ही राशि की जमानत राशि जमा करने का निर्देश दिया।

# गर्मियों की तपती धूप में रंगीन हो जाती हैं ये जगह, एक बार जरूर कर लें यहां की सैर

**DHARAM YATRA**

**गर्मियों की तपती धूप से बेहाल होकर पहाड़ों की सैर का प्लान कर रहे हैं तो इन जगहों पर जाएं। गर्मियों के मौसम में ये जगह रंग-बिरंगी सी दिखती हैं।**










• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

गर्मियों की तपती धूप में घर से निकलने का दिल नहीं करता। ऐसे में लोग पहाड़ों की सैर पर निकल जाते हैं। हिमाचल और कश्मीर जैसी जगहों पर मई की तपती गर्मी में भी पहाड़ खुशनुमा और बर्फ से घिरे दिखते हैं।

लेकिन यहां भी बर्फ के साथ कुछ अलग से नजारे देखने को मिलते हैं। जो हर साल लाखों टूरिस्टों को अपनी तरफ खींचते हैं। पहाड़ की सर्दी और बर्फ के बाद जब धूप खिलती है तो यहां का नजारा बेहद रंगीन दिखता है।

जिसे एक बार लाइफ में देखने की ख्वाहिश हर इंसान को होनी चाहिए। अगर फैमिली के साथ वेकेशन प्लान कर रहे हैं तो ये टूरिस्ट डेस्टिनेशन बिल्कुल परफेक्ट हैं।

### वैली ऑफ फ्लावर्स

उत्तराखंड के ऊंचे पहाड़ों पर बर्फ लदी रहती है। लेकिन गर्मियों का मौसम और धूप पड़ते ही इस घाटी में चारों तरफ रंग-बिरंगे फूल खिल जाते हैं। जिसे देखने के लिए लाखों टूरिस्ट पहुंचते हैं। तो अगर आप मई और जून में कहीं ट्रैवल का प्लान बना रहे हैं तो वैली ऑफ फ्लावर्स परफेक्ट डेस्टिनेशन हो सकता है।

### श्रीनगर

कश्मीर का श्रीनगर सर्दियों में जितना सफेद दिखता है। गर्मियों में ये जगह उतनी ही कलरफुल दिखती है। भले ही यहां का मशहूर ट्यूलिप गार्डेन अप्रैल में बंद हो जाता हो। लेकिन श्रीनगर की वादियों में आपको रंग-बिरंगे फूलों की खूबसूरती देखने को मिल ही जाएगी।

### नैनीताल

नैनीताल काफी आसान और पॉपुलर टूरिस्ट प्लेस है। जहां गर्मियों में लोग जाना काफी पसंद करते हैं। यहां का सुहाना मौसम गर्मियों की धूप से राहत देता है। वहीं हिमालय के ऊंचे पहाड़ों को देखने के साथ ही नैनीताल गर्मियों में काफी रंग-बिरंगा सा दिखता है। खूबसूरत फूल इस छोटे से शहर की खूबसूरती को बढ़ाते हैं।

### गुलमर्ग

कश्मीर की एक और खूबसूरत जगह जो सफेद बर्फ के लिए पसंद की जाती है। गुलमर्ग, गर्मियों में जब बर्फ की सफेद चादर हटती है तो हरी-हरी घास के बीच रंग-बिरंगे फूल खिलते हैं जो इस जगह को अट्रैक्टिव बना देते हैं।

### माथेरन

मुंबई में रहते हैं और चिपचिपी गर्मी से बेहाल हैं तो महाराष्ट्र के छोटे से हिल स्टेशन का रुख करें। माथेरन, यहां का ठंडा मौसम और हरी भरी घाटियां काफी सुकून देती हैं।

### शिलांग

नार्थ ईस्ट की खूबसूरती बेहद अलग है। हरे-भरे पहाड़ और झरने किसी भी टूरिस्ट को अट्रैक्ट करते हैं। गर्मियों के मौसम में शिलांग में चारों तरफ पाइन और ओक के पेड़ हरियाली फैलाते हैं। वहीं यहां आपको ऑर्किड के फूल चारों तरफ दिख जाएंगे। गर्मियों में शिलांग की ट्रिप प्लान की जा सकती है।

---

**FASHION+**

# बेहद स्टाइलिश दिख रहा सोनाक्षी सिन्हा का फॉर्मल लुक, छोटे से शर्ट संग पैंट किया पेयर

**सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी नई फिल्म दहाड़ के प्रमोशन में व्यस्त हैं। प्रमोशन के दौरान उनका स्टाइलिश फॉर्मल लुक काफी अट्रैक्टिव दिख रहा है जिसे लड़कियां जरूर इंस्पायर हो सकती है**



• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

सोनाक्षी सिन्हा अक्सर अपने फैशन सेंस से इंप्रेस करती हैं। कंफर्टेबल और स्टाइलिश कपड़े उनकी खूबसूरती बढ़ाने के लिए काफी दिखते हैं। जिसे आमतौर पर स्टाइलिश लड़कियां आसानी से कॉपी कर सकती हैं। इन दिनों अपनी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त सोनाक्षी सिन्हा काफी फॉर्मल से कपड़ों को पहने दिख रही हैं। जो ऑफिस में फैशन करने के लिए बिल्कुल परफेक्ट दिख रहा है। अगर आपके ऑफिस का ड्रेस कोड बिल्कुल ब्लैक एंड व्हाइट सा है तो उसे इन कपड़ों की मदद से स्टाइलिश बनाया जा सकता है।

### क्रॉप शर्ट में दिख रहीं स्टाइलिश

फिल्म के प्रमोशन के लिए दबंग गर्ल सोनाक्षी सिन्हा ने सफेद रंग की शर्ट को चुना है। जो कि क्रॉप डिजाइन की है। वहीं इसके साथ ब्लैक हाई वेस्ट कंफर्ट फिट पैंट को पेयर किया गया है। जिस पर व्हाइट चेक प्रिंट बने हैं। वहीं इस क्रॉप शर्ट और पैंट के साथ ब्लैक हील्स फुटवियर को मैच किया गया है।

### एक्सेसरीज ने बना दिया खास

सोनाक्षी सिन्हा ने इस फॉर्मल लुक को एक्सेसरीज से स्टाइलिश लुक दिया है। शर्ट के ऊपर गोल्ड ब्रेसलेट को वियर किया गया है। जो काफी हटके लुक दे रहा है। वहीं ओपन हेयर और विंग्ड आईलाइनर के साथ न्यूड पिंक टोन लिपस्टिक और ब्रांज हाईलाइटर अट्रैक्टिव लुक देने के लिए काफी दिख रहा है।

### समर में किया डेनिम फ्लांट

वहीं इस फॉर्मल लुक के पहले भी सोनाक्षी का डेनिम लुक स्टाइलिश दिख रहा था। जिसमे वो सिर से पांव तक डेनिम पहने रेडी थीं। ऑफ शोल्डर डिजाइन के डेनिम टॉप के साथ काल्फ लेंथ फिगर हगिंग स्कर्ट को मैच किया गया था। जिसमे फ्रंट स्लिट ऐड थी। वहीं साथ में क्रॉप डेनिम जैकेट इस लुक को ओवर कर रहा था और पैरों में सॉक्स लुक में ड्रामा ऐड कर रहे थे। हालांकि आप चाहे तो इतने सारे डेनिम वियर में से एक को भी मिक्स एंड मैच कर परफेक्ट लुक पा सकती हैं।



---

# वीकेंड को बनाएं टेस्टी और कूल खट्टी मीठी **कीवी चुस्की** के साथ

**ये कुल्फी रेसिपी न सिर्फ आपको गर्मी से राहत देगी बल्कि सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद है। इसका स्वाद बच्चों से लेकर बड़ों तक को पसंद होता है। तो आइए बिना देर किए जान ले...**




• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

अगर आप भी अपने वीकेंड को कूल और टेस्टी डेजर्ट रेसिपी के साथ एन्जॉय करना चाहते हैं तो ट्राई करें फेमस शेफ रणवीर बरार की ये टेस्टी खट्टी मीठी कीवी चुस्की रेसिपी।

ये कुल्फी रेसिपी न सिर्फ आपको गर्मी से राहत देगी बल्कि सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद है। इसका स्वाद बच्चों से लेकर बड़ों तक को पसंद होता है। तो आइए बिना देर किए जान लेते हैं कैसे बनाई जाती है खट्टी मीठी कीवी चुस्की।

### खट्टी मीठी कीवी चुस्की बनाने के लिए जरूरी चीजें-

- 8-10 गोल्डन कीवी
- 1 कप पाउडर शुगर
- ¼ कप पानी
- 2 बड़े चम्मच कीवी स्क्वैश
- कुल्फी पकड़ने के लिए थोड़ी सी आइसक्रीम स्टिक

### खट्टी मीठी कीवी चुस्की बनाने का तरीका-

खट्टी मीठी कीवी चुस्की बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में चीनी और पानी डालकर धीमी आंच पर तब तक चलाएं जब तक कि चीनी पूरी तरह से पानी में घुल न जाए। इसके बाद गैस बंद करके चाश्नी को ठंडा होने के लिए रख दें। अब गोल्डन कीवी को छीलकर उसे ब्लेंडर में डालकर उसकी प्यूरी बना लें। इस प्यूरी को छलनी से छानकर बारीक गूदा अलग कर लें।

अब प्यूरी और चाश्नी को मिलाकर आइस ट्रे में रख दें। हर सांचे में 1 आइसक्रीम स्टीक डालकर कुल्फी को जमने के लिए छोड़ दें। कुल्फी फ्रीज होने पर आप जब मन चाहे इसका मजा ले सकते हैं।

---

# बच्चे को ओवरफीड करवाने से फायदा नहीं होता है नुकसान, बेबी का भर गया है पेट ऐसे लगाएं पता

**PARENTING**



**पेरेंट्स का मानना होता है कि बच्चे ज्यादा खाने से स्वस्थ रहते हैं और उनका विकास भी अच्छा होता है। अगर आपका भी यही मानना है तो आपको बता दें कि बच्चे को ओवरफीड...**

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

बच्चे बेहद नाजुक होते हैं। बच्चों की परवरिश करते समय पेरेंट्स की थोड़ी सी भी लापरवाही उनकी सेहत पर सीधा असर डाल सकती है। अक्सर देखा जाता है कि कई पेरेंट्स अपने बच्चों को खाना खिलाते या दूध पिलाते समय उन्हें ओवरफीड करने लगते हैं। ऐसे पेरेंट्स का मानना होता है कि बच्चे ज्यादा खाने से स्वस्थ रहते हैं और उनका विकास भी अच्छा होता है। अगर आपका भी यही मानना है तो आपको बता दें कि बच्चे को ओवरफीड करवाने से उसे फायदे नहीं बल्कि नुकसान होता है। इसके बाद माता-पिता को जो दूसरा सवाल परेशान करता है वो यह है कि आखिर कैसे पता करें कि आपके बेबी का पेट भर गया है। आइए जनाते हैं पेरेंटिंग से जुड़े आपके इन सवालों के क्या हैं सही जवाब।

### ओवरफीड करने के नुकसान

**उल्टी करना** _बच्चे को जबरदस्ती खाना खिलाने पर वो कई बार भोजन को जल्दी-जल्दी निगलना शुरू कर देता है। जिसकी वजह से उसे कई बार उल्टी की समस्या हो सकती है।

**मोटापा**_जिन बच्चों को घर में ओवर फीड करवाया जाता है, उनमें मोटापा बढ़ने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। बता दें, जरूरत से ज्यादा खाना खाने पर खाना बच्चे के शरीर में फैट के रूप में स्टोर होने लगता है। जिसकी वजह से उसका वजन बढ़ जाता है।

**गैस की समस्या**_बच्चे को जबरदस्ती खाना खिलाने पर उसके पेट में गैस बनने की दिक्कत हो सकती है।

### ओवरफीडिंग के संकेत

• गैस बनना • डकार आना • दूध पीने के बाद उल्टी होना • दूध पीने के बाद चिड़चिड़ापन • बार-बार थूकना

### ओवरफीडिंग करवाने से ऐसे बचें-

• पेट भरने पर बच्चा बोतल या ब्रेस्ट को दूर धकेलना शुरू कर देता है। • बोतल या ब्रेस्ट से मुंह फेरना। • दूध को मुंह से बाहर निकालना। • फीडिंग के दौरान सो जाना। • ब्रेस्ट फीडिंग न करना। • ध्यान रखें, बच्चे को फीड करवाने के बाद उसे डकार अवश्य दिलवाएं।

---

# गर्मी में गलत तरह से ड्राई फ्रूट्स खाने पर होता है नुकसान, जानिए कैसे खाएं

**HEALTH CARE**



**ड्राई फ्रूट्स सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होते हैं। लेकिन ज्यादातर लोग इसे गर्मी में खाना अवॉइड करते हैं। यहां जानिए गर्मी में ड्राई फ्रूट्स खाने का सही तरीका।**

• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

ड्राई फ्रूट्स खाने से सेहत को कई तरह से फायदे मिल सकते हैं। हर दिन अगर आप सही मात्रा में ड्राई फ्रूट्स खाते हैं तो आपको सही मात्रा में पोषण मिलता है। हालांकि, गर्मी के मौसम में लोग इन्हें खाना अवॉइड करते हैं। कहा जाता है कि मेवा की तासीर गर्म होती है और अगर गर्मी के मौसम में इसे खाया जाए तो यह पेट में गर्मी बढ़ा सकते हैं, जिसकी वजह से कई तरह की परेशानी हो सकती है।

ड्राई फ्रूट्स की वजह से शरीर में बहुत ज्यादा गर्मी पैदा होती है। इसलिए गर्मी में इसे अवॉइड करने की सलाह दी जाती है। अगर गर्मी में गलत तरह से मेवा खाई जाती है तो एक्ने और रैशेज हो सकते हैं।

### गर्मी में कैसे खाएं ड्राई फ्रूट्स

### अखरोट

अखरोट में आयरन, कैल्शियम, कॉपर और ओमेगा-3 फैटी एसिड की अच्छी मात्रा होती है। गर्मियों में इन्हें खाने के लिए इसे रात भर भिगोएं और फिर अगले दिन खाएं।

### अंजीर

अंजीर को केवल सर्दियों में ही खाया जा सकता है क्योंकि इसकी तासीर बेहद गर्म होती है। गर्मियों में आप दिन में दो अंजीर खा सकते हैं, जिसमें सभी जरूरी पोषक तत्व होते हैं।

### बादाम

गर्मियों में शरीर की गर्मी से बचने के लिए बादाम को रातभर के लिए भिगो दें। बादाम को पहले बिना भिगोए खाने से शरीर में गर्मी पैदा हो सकती है, जिससे पिंपल्स और बवासीर जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए गर्मियों बादाम को भिगो दें और फिर 4-5 बादाम पूरे दिनभर में खाएं।

### किशमिश

किशमिश आपके लिए बेहद सेहतमंद है। हालांकि, यह शरीर में गर्मी पैदा कर सकता है। गर्मियों में हमेशा रात भर भीगी हुई किशमिश खाएं।



# रोजगार मेला कपूरथला में हरदीप सिंह पुरी ने बांटे सर्टिफिकेट

• **जालंधर ब्रीज.** कपूरथला

भारत के प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 16 मई, 2023 को रोज़गार मेले के हिस्से के रूप में सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त भर्तियों को लगभग 71,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए। देश भर में 45 स्थानों पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य रोजगार के अवसर पैदा करना और युवाओं को राष्ट्रीय विकास में भाग लेने के लिए सशक्त बनाना था।

देश भर से चुने गए नए नियुक्त व्यक्ति केंद्र सरकार के विभागों, राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों में विभिन्न पदों/पदों पर कार्यभार ग्रहण करेंगे। इन पदों में ग्रामीण डाक सेवक, डाक निरीक्षक, वाणिज्यिक-सह-टिकट क्लर्क, कनिष्ठ लिपिक-सह-टाइपिस्ट, कनिष्ठ लेखा लिपिक, ट्रैक मेंटेनर, सहायक अनुभाग अधिकारी, अवर श्रेणी लिपिक, निरीक्षक, नर्सिंग अधिकारी, सहायक सुरक्षा अधिकारी, फायरमैन, सहायक लेखा अधिकारी, सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, मंडल लेखाकार, लेखा परीक्षक, कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल, सहायक कमांडेंट, प्रधानाचार्य, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, सहायक कुलसचिव, सहायक प्रोफेसर, शामिल हैं।




प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नियुक्तियों को भी संबोधित किया, उन्हें उनकी नियुक्ति पर बधाई दी और रोजगार सृजन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर बल दिया। उन्होंने कहा, "हमारी सरकार युवाओं को सार्थक रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और रोजगार मेला इस प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है।"

देश के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी कपूरथला में रेल कोच फैक्ट्री में रोज़गार मेले के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से नवनियुक्त लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे। सरकार की इस पहल के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हुए, उन्होंने रोजगार के अवसर प्रदान करके युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें राष्ट्र के विकास में योगदान करने में सक्षम बनाने के महत्व पर जोर दिया। नव नियुक्त लोगों को बधाई देते हुए, उन्होंने प्रतिभाशाली युवा पीढ़ी के नेतृत्व में भारत के कुशल और गतिशील कार्यबल पर भी गर्व महसूस किया, जो हमारे राष्ट्र का गौरव है। "दुनिया देखे," उन्होंने घोषणा की, "कि भारत की अर्थव्यवस्था किस तरह अपने पंखों पर ऊंची उड़ान भरती है।"

नए भर्ती किए गए लोगों को कर्मयोगी प्रारंभ मॉड्यूल के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिलेगा, जो विभिन्न सरकारी विभागों में सभी नए नियुक्तियों के लिए एक ऑनलाइन ओरिएंटेशन कोर्स है। रोजगार मेला एक शानदार सफलता थी, और सरकार रोजगार सृजन और युवा सशक्तिकरण की दिशा में अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

# लेफ्टिनेंट जनरल विजय नायर ने वज्र कोर की कमान संभाली



**जालंधर ब्रीज:** लेफ्टिनेंट जनरल विजय बी नायर, सेना मेडल ने प्रतिष्ठित वज्र कोर - डिफैंडर्ज ऑफ पंजाब के जनरल ऑफिसर कमांडिंग के रूप में पदभार संभाल लिया है। सैनिक स्कूल कज़कूटम, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और भारतीय सैन्य अकादमी के एक प्रतिष्ठित पूर्व छात्र, लेफ्टिनेंट जनरल विजय बी नायर को जून 1988 में एक पैदल सेना बटालियन में नियुक्त किया गया था और उन्हें 2005 से 2008 तक समान बटालियन की कमान संभालने का सौभाग्य मिला था। पश्चिमी सेक्टर की उत्तरी सीमाओं पर एक उप क्षेत्र और जम्मू और कश्मीर में एक डिवीजन का संचालन करने वाली ब्रिगेड की कमान भी संभाली।

पैंतीस साल के अपने शानदार करियर में, जनरल ऑफिसर के पास कमांड, स्टाफ और निर्देशात्मक नियुक्तियों का व्यापक अनुभव है। अन्य परिचालन कार्यों में, श्रीलंका में भारतीय शांति सेना के हिस्से के रूप में उनका कार्यकाल, नियंत्रण रेखा के साथ छह कार्यकाल और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियानों में उल्लेखनीय थे। उनके विविध कर्मचारियों के अनुभव में नियंत्रण रेखा और काउंटर टेररिस्ट वातावरण में जनरल स्टाफ नियुक्तिओं में, विदेशी सेनाओं के साथ रक्षा सहयोग के लिए नीति तैयार करना और अतिरिक्त क्वार्टर मास्टर जनरल विभिन्न निदेशालयों के समन्वय कार्यों के साथ-साथ राशन की गुणवत्ता सुनिश्चित करना शामिल हैं । वज्र कोर की कमान संभालने से पहले, लेफ्टिनेंट जनरल विजय बी नायर मुख्यालय पश्चिमी कमान में चीफ ऑफ स्टाफ थे।

कमान संभालने के बाद उन्होंने वज्र शौर्य स्थल पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कोर के सभी रैंकों को क्षमता विकास के उच्च गति को बनाए रखते हुए, युद्ध के बदलते स्वरूपों को अपनाते हुए उच्च स्तर की परिचालन तत्परता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया ।

# जालंधर-आदमपुर-होशियारपुर सड़क का निर्माण कार्य शुरू, सितम्बर तक होगा मुकम्मल



**जालंधर ब्रीज:** लोगों को बड़ी राहत देते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने लंबे समय से लटक रहा जालंधर- आदमपुर-होशियारपुर सड़क का निर्माण कार्य आज शुरू करवाया और इस प्रोजैक्ट पर 13.74 करोड़ की लागत आयेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले के लोगों के लिए आज का दिन 'ऐतिहासिक दिन' है क्योंकि इस प्रोजैक्ट के मुकम्मल होने से लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने इस प्रोजैक्ट को पूरा करना राज्य सरकार की मुख्य प्राथमिकता है क्योंकि इससे जालंधर शहर से होशियारपुर जाने वाले लोगों और माता चिंतपुरनी के पवित्र स्थान के दर्शन के लिए जाने वालों और अन्य स्थानों पर पहुंचने वाले राहगीरों को बहुत बड़ी सुविधा मिलेगी। भगवंत मान ने कहा कि यह प्रोजैक्ट मुकम्मल होने से इस क्षेत्र में व्यापार और उद्योग को भी उपयुक्त बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट तौर पर कहा कि इस सड़क का काम शुरू होना राज्य सरकार की लोगों के साथ किये वादे को पूरा करने के प्रति गंभीरता को दर्शाता है। उन्होंने चाहे जालंधर से नये सांसद सुशील कुमार रिंकू का शपथ उठाना अभी बाकी है परन्तु सड़क का काम शुरू भी हो चुका है। भगवंत मान ने कहा कि सड़क का निर्माण सितम्बर तक मुकम्मल कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने लोगों की सुविधा के लिए अपना वायदा पूरा किया है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस सड़क के निर्माण के लिए गुणवत्ता को यकीनी बनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सड़क के निर्माण कार्य को पूरा करते समय उच्च गुणवत्ता के मानक की पालना की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को निर्धारित समय में पूरा करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जायेगी। भगवंत मान ने कहा कि वह स्वयं भी इस प्रोजैक्ट की प्रगति का जायज़ा लेते रहेंगे जिससे काम को समय पर पूरा किया जा सके।

# केंद्रीय संचार, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वरचुअली संचार साथी पोर्टल लॉन्च किया

**जालंधर ब्रीज:** केंद्रीय संचार, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने आज पंजाब एलएसए, दूरसंचार विभाग, मोहाली में 'संचार साथी' पोर्टल लॉन्च किया। 117 करोड़ ग्राहकों के साथ, भारत दुनिया में दूसरे सबसे बड़े दूरसंचार पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में उभरा है। संचार के अलावा, मोबाइल फोन का उपयोग बैंकिंग, मनोरंजन, सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने आदि के लिए किया जा रहा है। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि उपयोगकर्ताओं को पहचान की चोरी, जाली केवाईसी, मोबाइल उपकरणों की चोरी, बैंकिंग धोखाधड़ी आदि जैसी विभिन्न धोखाधड़ी से बचाया जाए। उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए, दूरसंचार विभाग ने संचार साथी (https://www.sancharsaathi.gov.in) नामक एक नागरिक केंद्रित पोर्टल विकसित किया है।



संचार साथी नागरिकों को उनके नाम पर पंजीकृत कनेक्शन की जांच करने, धोखाधड़ी या अनावश्यक कनेक्शन की रिपोर्ट करने, चोरी/खो जाने वाले मोबाइल फोन को ब्लॉक करने, मोबाइल फोन खरीदने से पहले आईएमईआई की सत्यता की जांच करने की अनुमति देता है। संचार साथी पोर्टल नागरिकों को धोखाधड़ी गतिविधियों से लड़ने के लिए सशक्त बनाता है। पूरे सिस्टम को दूरसंचार विभाग द्वारा इन-हाउस डिजाइन किया गया है। सिस्टम में निम्नलिखित मॉड्यूल हैं।

सेंट्रलाइज्ड इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर): यदि कोई मोबाइल डिवाइस चोरी या गुम हो जाता है, तो उपयोगकर्ता पोर्टल पर आईएमईआई नंबर जमा कर सकता है। उपयोगकर्ता द्वारा पुलिस शिकायत की एक प्रति के साथ प्रस्तुत की गई जानकारी को फिर सत्यापित किया जाता है। प्रणाली दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ एकीकृत है। एक बार जानकारी सत्यापित हो जाने के बाद, सिस्टम चोरी हुए मोबाइल फोन को भारतीय नेटवर्क में उपयोग करने से रोकता है। अगर कोई चोरी हुए डिवाइस का उपयोग करने की कोशिश करता है, तो सिस्टम कानून प्रवर्तन एजेंसियों को डिवाइस का पता लगाने की अनुमति देता है। जब चोरी हुआ डिवाइस बरामद हो जाता है, तो आईएमईआई को पोर्टल पर अनब्लॉक किया जा सकता है। सिस्टम चोरी/खोए हुए मोबाइल के उपयोग को रोकता है। यह भारतीय नेटवर्क में इस्तेमाल होने वाले गलत या जाली आईएमईआई वाले मोबाइल को भी रोकता है। अपने मोबाइल को जानें: यह नागरिकों को उनके मोबाइल डिवाइस के आईएमईआई की वास्तविकता की जांच करने की सुविधा प्रदान करता है।

फ्रॉड मैनेजमेंट एंड कंज्यूमर प्रोटेक्शन (टीएएफसीओपी) के लिए टेलीकॉम एनालिटिक्स: यह उपयोगकर्ता को कागज आधारित दस्तावेजों का उपयोग करके उसके नाम पर लिए गए मोबाइल कनेक्शन की संख्या की जांच करने की सुविधा देता है। उपयोगकर्ता पोर्टल पर अपना मोबाइल नंबर दर्ज करता है और OTP का उपयोग करके प्रमाणित करता है। सिस्टम कागज-आधारित दस्तावेजों (जैसे कागज आधारित आधार, पासपोर्ट, आदि) का उपयोग करके उसके नाम पर लिए गए कुल कनेक्शनों को दिखाता है। सिस्टम उपयोगकर्ताओं को धोखाधड़ी वाले कनेक्शनों की रिपोर्ट करने की अनुमति देता है। यह उपयोगकर्ताओं को उन कनेक्शनों को ब्लॉक करने की भी अनुमति देता है जिनकी आवश्यकता नहीं है। एक बार उपयोगकर्ताओं द्वारा रिपोर्ट किए जाने के बाद, सिस्टम पुन: सत्यापन प्रक्रिया को ट्रिगर करता है, और कनेक्शन समाप्त हो जाते हैं। एएसटीआर (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड फेशियल रिकॉग्निशन पावर्ड सॉल्यूशन फॉर टेलीकॉम सिम सब्सक्राइबर वेरिफिकेशन): नकली / जाली दस्तावेजों का उपयोग करके प्राप्त मोबाइल कनेक्शन का उपयोग साइबर-धोखाधड़ी के लिए किया जाता है। फर्जी/जाली दस्तावेजों का उपयोग कर जारी किया गया। एएसटीआर ने चेहरे की पहचान और डेटा एनालिटिक्स की विभिन्न तकनीकों का उपयोग किया। पहले चरण में, कागज आधारित केवाईसी के साथ कनेक्शन का विश्लेषण किया गया।

एएसटीआर का उपयोग करने में सफलता: पहले चरण में, 87 करोड़ से अधिक मोबाइल कनेक्शनों का विश्लेषण किया गया। इतनी बड़ी डेटा प्रोसेसिंग के लिए, परम-सिद्धि सुपरकंप्यूटर का उपयोग किया गया था। ऐसे कई मामले सामने आए, जिनमें सैकड़ों कनेक्शन प्राप्त करने के लिए एक तस्वीर का उपयोग किया गया था। कुल 40.87 लाख संदिग्ध मोबाइल कनेक्शन का पता चला। सत्यापन के बाद 36.61 लाख कनेक्शन पहले ही काटे जा चुके हैं।

शेष प्रक्रियाधीन हैं। ऐसे मोबाइल कनेक्शन बेचने में शामिल 40,123 प्वाइंट ऑफ सेल्स (PoS) को सेवा प्रदाताओं द्वारा ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है और पूरे भारत में 150 से अधिक एफआईआर दर्ज की गई हैं। डिस्कनेक्ट किए गए नंबरों का विवरण बैंकों, पेमेंट वॉलेट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ साझा किया गया है इन नंबरों को अपने खातों से हटा रहे हैं।

# जल्लीकट्टू को सुप्रीम कोर्ट ने दी मंजूरी, कहा- तमिलनाडु की संस्कृति का हिस्सा, गलत नहीं



**केरल.** तमिलनाडु में जल्लीकट्टू खेल की परंपरा पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। शीर्ष अदालत की संवैधानिक बेंच ने कहा कि यह तमिलनाडु की संस्कृति और विरासत का हिस्सा है। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार की ओर से इसे मंजूरी देने वाले कानून पर रोक लगाने से भी इनकार कर दिया। जल्लीकट्टू खेल के तहत बैलों की फाइट कराई जाती है और इसकी तमिलनाडु में बहुत लोकप्रियता रही है। यही नहीं कोर्ट ने महाराष्ट्र और कर्नाटक में भी होने वाले इस तरह के परंपरागत खेलों पर रोक लगाने से अदालत ने इनकार किया है।

जस्टिस केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली संवैधानिक बेंच ने महाराष्ट्र और कर्नाटक में बैल या फिर भैंसों की रेस कराने को भी अनुमति दी। इन दोनों पर सुप्रीम कोर्ट के ही 2014 के एक फैसले के चलते रोक लगी हुई थी। अदालत ने तब कहा था कि ये खेल पशुओं के खिलाफ क्रूरता वाले हैं। इस बेंच में जस्टिस अजय रस्तोगी, जस्टिस अनिरुद्ध बोस, ऋषिकेश रॉय और सीटी रविकुमार शामिल थे। अदालत ने कहा कि राज्य सरकारों ने संविधान की तीसरी सूची के तहत इन खेलों को अनुमति देने वाले जो कानून बनाए हैं, वे सही हैं।

### मुख्यमंत्री द्वारा जालंधर निवासियों को बड़ा तोहफ़ा

# शहर के विकास कार्यों के लिए 100 करोड़ रुपए से अधिक ग्रांट राशि देने का किया ऐलान

**जालंधर ब्रीज:** जालंधर लोक सभा हलके निवासियों के लिए बड़े तोहफ़े का ऐलान करते हुये पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज जालंधर ज़िले के विकास कामों के लिए 100 करोड़ से अधिक ग्रांट राशि देने का ऐलान किया।

पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी के हक में दिए शानदार जनादेश के लिए वह निजी तौर पर जालंधर संसदीय हलके वोटरों के ऋणी हैं। भगवंत मान ने कहा, "जालंधर निवासियों ने ई. वी. एम. का एक बटन दबा कर उन लोगों के मुँह बंद कर दिए हैं, जो इस मुहिम के दौरान उनके ख़िलाफ़ ज़हर उगल रहे थे।" भगवंत मान ने कहा कि यह चुनाव नतीजा राज्य सरकार की जन हितैषी और विकास प्रमुख नीतियों के हक में आया है।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने शहर का विकास करने के लिए 95 करोड़ रुपए नगर निगम जालंधर को भेज भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन फंडों का प्रयोग नगर निगम की तरफ से शहर के अलग-अलग हिस्सों में विकास कामों के लिए किया जायेगा। भगवंत मान ने कहा कि जालंधर शहर को अत्याधुनिक नागरिक सहूलतों के साथ लैस माडल शहर के तौर पर विकसित किया जायेगा।

इसी तरह मुख्यमंत्री ने कहा कि 13.74 करोड़ रुपए की लागत के साथ जालंधर-आदमपुर-होशियारपुर सड़क का कार्य मुकम्मल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस अहम प्रोजैक्ट का काम सितम्बर तक मुकम्मल कर लिया जायेगा। भगवंत मान ने यह भी कहा कि नकोदर से गौराया वाया जंडियाला तक 17.46 किलोमीटर लम्बी सड़क के निर्माण का काम भी सितम्बर तक मुकम्मल कर लिया जायेगा।



मुख्यमंत्री ने दोहराया कि जालंधर के वोटरों ने राज्य सरकार की विकासमुखी नीतियों के हक में जनादेश देकर रिवायती पार्टियों के नकारात्मक और नफ़रत भरे झूठे प्रचार को सिर से नाकार दिया है।

उन्होंने कहा कि जालंधर लोक सभा हलके वोटरों ने स्कूल आफ एमिनेंस, आम आदमी क्लीनिक, बेमिसाल तरक्की, लोगों की भलाई और अन्य प्रयासों के हक में वोटें डालीं हैं। भगवंत मान ने कहा कि जहाँ उन्होंने विकास के नाम पर वोटें माँगीं थीं, वहीं उनके विरोधियों ने जात-पात और धर्म के नाम पर वोटें माँगीं थीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जालंधर के लोगों ने राज्य सरकार के हक में ज़बरदस्त जनादेश देकर विरोधी पक्ष को शांत कर दिया है और अब इसके बदले जालंधर के विकास को यकीनी बनाना उनका फर्ज है। उन्होंने कहा कि देश में खेल के केंद्र के तौर पर जालंधर की पुरातन शान को बहाल किया जायेगा, जिससे जालंधर के खेल उद्योग को काफी बढ़ावा मिलेगा। भगवंत मान ने कहा कि इस शहर की तरक्की और विकास को बढ़ावा देने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा, "इस जीत ने मुझे लोगों की सेवा और भी विनम्रता और समर्पित होकर करने की भावना के साथ भर दिया है।" उन्होंने कहा कि चाहे नये चुने गए संसद मैंबर ने अभी शपथ नहीं ली परन्तु उनकी सरकार ने पहले ही जालंधर के सर्वांगीण विकास के लिए व्यापक नक्शा तैयार किया है। भगवंत मान ने कहा कि पंजाब फिर पुर्नोद्धार की राह पर है क्योंकि लोगों द्वारा चुनी गई सरकार नये-नये प्रोजैक्ट लोगों को समर्पित कर रही है और उन्होंने कहा कि पहली बार लोगों के साथ सलाह-मश्वरा करके नीतियाँ बनाईं जा रही हैं।

मुख्यमंत्री कहा कि लोगों ने रिवायती पार्टियों के न-समर्थकी प्रचार को सिरे से नकारते हुये उपयुक्त जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि इन सभी पार्टियों ने लोगों के भले में लगी जुटी राज्य सरकार के विरुद्ध आपस में हाथ मिला लिया था परन्तु लोगों ने इनको सबक सिखा दिया। भगवंत मान ने कहा कि पंजाब सरकार लोगों की भलाई के लिए वचनबद्ध है और इसके लिए फंडों की कोई कमी नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पानी की बचत करने और धान की काश्त के लिए निर्विघ्न सिंचाई को यकीनी बनाने के लिए धान की बुवाई चरणबद्ध ढंग से की जायेगी। पहले चरण में अंतरराष्ट्रीय सरहद पर कँटीली तार से दूसरी तरफ़ के क्षेत्रों में धान की बुवाई का काम 10 जून से शुरू हो जायेगा, जिसके लिए निरंतर बिजली सप्लाई मुहैया करवाई जायेगी।

# लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने चीफ ऑफ स्टाफ का पदभार संभाला



**जालंधर ब्रीज :** लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा, एवीएसएम, एसएम ने आज चीफ ऑफ स्टाफ, मुख्यालय पश्चिमी कमान का पदभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालने पर जनरल शर्मा ने वीर स्मृति युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और पश्चिमी कमान के वीरों को श्रद्धांजलि दी।

लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और भारतीय सैन्य अकादमी के पूर्व छात्र हैं। तीन दशकों से अधिक के एक शानदार करियर में, जनरल ने विभिन्न और महत्वपूर्ण नियुक्तियों को संभाला है, जिसमें उन्होंने पश्चिमी क्षेत्र में एक आर्मर्ड रेजिमेंट, एक आर्मर्ड ब्रिगेड, एक इन्फैंट्री डिवीजन और एक कोर की कमान संभाली है।

भूटान में प्रतिष्ठित भारतीय सैन्य प्रशिक्षण दल के सदस्य के रूप में जनरल का स्टाफ कार्यकाल और पश्चिम अफ्रीका में संयुक्त राष्ट्र के मिशन के हिस्से के रूप में मुख्य सैन्य कार्मिक अधिकारी के पदों पर रहना उनका सकारात्मक वैश्विक प्रभाव दर्शाता है।

जनरल की मेधावी सेवा को विभिन्न वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है जिन में सेना पदक, विशिष्ट सेवा के लिए अति विशिष्ट सेवा पदक शामिल है तथा उन्हें संयुक्त राष्ट्र सेना कमांडर की प्रशस्ति से भी सम्मानित किया गया है। मुख्यालय पश्चिमी कमान में चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में, वह पश्चिमी कमान के क्षेत्र में विभिन्न परिचालन और प्रशासनिक पहलों का नेतृत्व करेंगे।

# जालंधर- कपूरथला मार्ग में बचे निगम वाले हिस्से को भी 4 लेन करवाएं सांसद सुशील रिंकू

## विकास के प्रति मुंह में 'न' और 'नो' रख कर बैठे अधिकारियों को जिले से बदले सरकार

• **विशेष रिपोर्टर, जालंधर**

पंजाब के लोगों ने साल 2022 में आम आदमी पार्टी के 92 विधायक जितवाकर इतिहास रचा था, उसी तरह एक साल बाद जालंधर में हुए लोक सभा उप चुनाव में मौजूदा सरकार की तरफ से खड़े हुए सुशील रिंकू को लोगों ने जितवाकर पिछले 2 दशक से कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाले इस क्षेत्र में सेंध लगा दी। पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा अपनी रैलियों में जालंधर वासियों से इस ज़िले को चमकाने के लिए एक साल का समय माँगा गया और लोगों ने भी सरकार द्वारा खड़े किये गए प्रत्याशी रिंकू को जितवाकर विरोधियों द्वारा सरकार पर लगाए जा रहे इलज़ाम पर थोड़े समय के लिए पूर्ण विराम लगा दिया है।

चुनाव खत्म होने के कुछ दिन बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अपनी पहली कैबिनेट मीटिंग जालंधर में रखकर जिले में विकास करने के लिए 100 करोड़ से ज्यादा की ग्रांट से निमार्ण कार्यों को पूरा करने की मंजूरी मौके पर ही देकर नए चुने सांसद सुशील रिंकू को शहर का विकास करने की जिम्मेदारी सौंप दी है। पिछली कांग्रेस सरकार में भी सुशील रिंकू जालंधर वेस्ट से विधायक चुने गए थे लेकिन उनके हलके में विकास कार्य की गति बाकी विधायकों के हलकों से कम रही, हालांकि उन विधायकों के हलकों में भी किये गए कार्यों में काफी हद तक गुणवत्ता अधिकारियों द्वारा नहीं देखी गई जिस कारण पिछले साल कई जगह बनाये गए नए पार्क जंगल का रूप धारण कर चुके हैं।

जालंधर वेस्ट को जाने वाला मुख्य मार्ग जालंधर-कपूरथला रोड आज भी बस्ती बावा खेल से लेकर वरियाणा तक फोर लेन नहीं हो सका है। इसका मुख्य कारण नगर निगम जालंधर और लोक निर्माण विभाग सेंटर वर्क्स डिवीज़न का आपस में तालमेल की कमी को बताया गया है। अक्सर इन प्रशसनिक कार्यालयों में देखा गया है कि कई अधिकारी लोकहित के कार्य को करने के लिए पहले ही अपने मुंह में 'न' या 'नो' शब्द रखते है। चाहे उन्हें पता भी होता है यह कार्य किस तरह सम्पूर्ण किया जा सकता है। पिछले समय भी स्मार्ट सिटी के पैसों की बर्बादी भी इन्हीं जैसे भ्रष्ट अधिकारीयों की वजह से हुई। अब जालंधर को खूबसूरत बनाने की जिम्मेदारी नए चुने गए सांसद सुशील रिंकू के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारीयों पर आ चुकी है। इसकी शुरूआत वह वेस्ट हलके में घनी आबादी से गुजर रहे जालंधर- कपूरथला मार्ग पर बावा खेल से लेकर वरियाणा को 4 लेन मार्ग करके कर सकते है। इस क्षेत्र में बड़े उद्योग होने के कारण भारी वाहनों को यहाँ से गुजरने में काफी दिक्कत आती है और दोपहिया वाहन के साथ साथ राहगीरों की जान को भी हादसा होने का खतरा होता है।

गौरतलब है कि पूर्व डिप्टी कमिश्नर घनश्याम थोरी द्वारा इस मार्ग से एक्सप्रेस-वे का एंट्री एग्जिट पॉइंट होने के कारण इसे फोर लेन करने के लिए लोक निर्माण विभाग सेंटर वर्क्स डिवीज़न को इस एरिया के नगर निगम की हद से बाहर करके अपने में करने के लिए लिखा गया है। अब आने वाले समय में देखना होगा कि जालंधर के सांसद सुशील रिंकू विकास कार्यो की राह में रोड़ा बने बैठे और हमेशा की तरफ अपने मुँह में 'न' शब्द का ज्यादा इस्तमाल करने वाले अधिकारियों से जालंधर शहर के लिए लगभग 100 करोड़ के काम कैसे करवा पाएंगे जिससे आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में वह फिर से जीत हासिल कर सके।




• जालंधर ब्रीज के पिछले अंक में प्रकाशित खबर की कटिंग।

# सेवा केंद्रों पर पेपर रहित डिजिटल रसीद जारी करने की शुरुआत

*एसएमएस द्वारा आवेदकों को भुगतान की फ़ीस की रसीद मोबाइल पर मिलेगी : अमित महाजन*

*सेवा केंद्रों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट सहित तीन नई सेवाएं भी शुरू*

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

लोगों को सुचारू और समय पर नागरिक केंद्रित सेवाएं प्रदान करने के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए जिला प्रशासन ने जिले के सभी सेवा केंद्रों में पेपरलेस रसीद प्रणाली शुरू की है। अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ज) मेजर अमित महाजन ने इस संबंध में और जानकारी देते हुए बताया कि अब सभी आवेदकों को उनके मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से डिजिटल रसीद प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि अब आवेदकों को अपने साथ पेपर रसीद नहीं रखनी होगी ,क्योंकि वे सेवा केंद्रों पर एसएमएस दिखाकर ही तैयार दस्तावेज प्राप्त कर सकते है।

अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर ने आगे कहा कि इस पहल का उद्देश्य उपभोक्ता की सेवाओं को परेशानी मुक्त अनुभव में सुधार करना है। उन्होंने कहा कि इस कदम से रसीद छपाई में इस्तेमाल होने वाले कागज की बचत होगी। उन्होंने कहा कि सेवा केंद्रों में कार्यरत सभी कर्मचारियों को भुगतान की जाने वाली फीस के लिए पेपरलेस रसीद प्रणाली को तत्काल लागू करने के निर्देश दिए गए है।उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी आवेदक को कागजी रसीद की आवश्यकता है, तो वह सर्विस ऑपरेटर से इसके लिए अनुरोध कर सकता है और इसे जरूरतमंद आवेदकों को जारी किया जाएगा। उन्होंने लोगों से इस पर्यावरण अनुकूल पहल में योगदान देने के लिए कागज रहित रसीद प्रणाली अपनाने का आग्रह किया।

इसके इलावा जालंधर के सेवा केंद्रों में तीन नई सेवाएं शुरू की गई है। आवेदक हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट,आधार पैन लिंक और जनरल टाईपिंग के लिये क्रम अनुसार 30, 50 और 30 रुपये के मामूली शुल्क का भुगतान कर सकते है।

# सीएम ने पंजाब पुलिस के ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन में भर्ती हुए 144 नौजवानों को नियुक्ति पत्र सौपे

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज कहा कि राज्य सरकार ने ईमानदारी और पारदर्शिता के मापदंड के द्वारा केवल मेरिट के आधार पर एक साल में 29237 नौजवानों को सरकारी नौकरियाँ दीं हैं। यहाँ सैक्टर-35 में म्यूंसिपल भवन में पंजाब पुलिस में ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के विभिन्न काडरों में भर्ती हुए 144 नौजवानों को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद अपने विचार सांझा करते हुये मुख्यमंत्री ने पंजाब सरकार के परिवार का हिस्सा बनने के लिए नौजवानों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पहली बार हुआ है कि पंजाब पुलिस में सिवलियनज़ को शामिल किया गया है जो समय की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि समाज को पेश बड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए पुलिस फोर्स को जांच, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ज़रूरत के मुताबिक अपडेट करना बहुत ज़रूरी है। भगवंत मान ने कहा कि यह बहुत संतोष और गौरव की बात है कि पंजाब पुलिस देश भर में बेहतरीन फोर्स है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नये भर्ती हुए 144 नौजवान आधुनिक प्रौद्यौगिकी की गहरी समझ रखते हैं और इस काबिलीयत स्वरूप वह पर्दे के पीछे रह कर जुर्म करने वालों को काबू करने में सहयोग किया करेंगे। उन्होंने उम्मीद ज़ाहिर की कि इससे पंजाब पुलिस के आधुनिकीकरण के साथ-साथ इसकी क्षमता और बढ़ेगी। भगवंत मान ने



कहा कि पंजाब पुलिस ने पिछले एक साल में बहुत बड़े ऑपरेशनों को अंजाम दिया है जिसकी देश भर में सराहना हो रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब जल्दी ही राज्य की पुलिस को वैज्ञानिक राह पर अपडेट करने के लिए बहु-राष्ट्रीय कंपनी गुग्गल के साथ मिलकर काम करेगा। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्धी एक व्यापक मसौदा तैयार कर लिया गया है और औपचारिक समझौते पर जल्दी ही हस्ताक्षर किये जाएंगे। भगवंत मान ने कहा कि यह राज्य में किसी भी तरह की असुखद चुनौती से निपटने के लिए पंजाब पुलिस का सामर्थ्य बढ़ाने में मदद करेगा।

इसी तरह मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के पुलिस थानों की कायाकल्प करने के लिए बहुत से साधन मुहैया करवा के बड़े स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभाग में वाहनों, हथियारों और अन्य के मामलों में बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने के लिए भी कई कदम उठाए जा रहे हैं। भगवंत मान ने कहा, "मैं एक सांझे परिवार से हैं और ज़मीनी स्तर पर अच्छी तरह जुड़ा हुआ हैं, इसलिए मैं समाज के अलग-अलग वर्गों को पेश समस्याओं से अच्छी तरह अवगत हूं। "

मुख्यमंत्री ने कहा कि नव- नियुक्त हुए नौजवानों को पुलिस फोर्स में शामिल करना सराहनीय कदम है जो फोर्स की शानदार विरासत को बरकरार रखने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने राज्य में अमन- कानून की व्यवस्था कायम रखने के लिए टीम के तौर पर काम करने के लिए पंजाब पुलिस की भी सराहना की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पंजाब सरकार किसी को भी राज्य की पुलिस का मनोबल गिराने की इजाज़त नहीं देगी। भगवंत मान ने कहा कि सरहदी राज्य होने के नाते पंजाब को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिनसे पंजाब पुलिस पूरी क्षमता से निपटती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को अस्थिर करने की कई कोशिशें की जा रही हैं परन्तु पंजाब पुलिस ने यह नापाक इरादे सफल नहीं होने दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पंजाब पुलिस के जवानों की भलाई के लिए ठोस प्रयास कर रही है जो अपनी ड्यूटी तनदेही के साथ निभा रहे हैं। भगवंत मान ने कहा कि राज्य सरकार पुलिस मुलाजिमों को बोझ मुक्त करने के लिए छुट्टियाँ की व्यवस्था समेत अन्य ढंग तलाश रही है।

# अप्रैल में 2.20 लाख से अधिक लाभार्थियों को मिला मासिक पेंशन लाभ मिला

*डीसी ने अधिकारियों से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उचित ढंग से जमीनी स्तर तक पहुँचाने को कहा*

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर



बुढापा पैंशन और अन्य वित्तीय सहायता योजनाओं के अधीन अप्रैल 2023 के दौरान जालंधर जिले के 2.20 लाख से अधिक योग्य लाभार्थियों को 33 करोड़ 2 लाख 52 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर जसप्रीत सिंह ने बताया कि पिछले माह कुल 2,20,168 लाभपात्रियों को 33,02,52,000 रुपये की मासिक पैंशन का लाभ प्राप्त हुआ। इनमें से 1,46,229 लाभपात्रियों को 21 करोड़ 93 लाख 43 हजार 500 रुपये बुढापा पैंशन तथा 48,142 लाभपात्रियों को 07 करोड़ 22 लाख 13 हजार रुपये विधवा पैंशन जारी की गई है।

इसी तरह, आश्रित बच्चों के लिए वित्तीय सहायता योजना के तहत 12,867 लाभपात्रियों को 1 करोड़ 93 लाख 500 रुपये और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए वित्तीय सहायता योजना के तहत 12930 लाभार्थियों को 1 करोड़ 93 लाख 95 हजार रुपये की मासिक पैंशन प्रदान की गई है। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक निर्बाध रूप से पहुंचाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए और कहा कि इन योजनाओं का लाभ निचले स्तर तक पहुंचाने में कोई कमी न छोड़ी जाए। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि पंजाब सरकार बुढापा पैंशन और अन्य वित्तीय सहायता योजनाओं अधीन योग्य लाभार्थियों को 1500 रुपये प्रति माह की वित्तीय सहायता प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि बुढापा पैंशन योजना के अधीन 65 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के पुरुष एवं 58 वर्ष एवं इससे अधिक आयु की महिलाओं को लाभ मिल सकता है।

## मुझे इन्साफ दो...




• गौरव आनंद को इन्साफ दिलाने और उसके कातिलों की गिरफ्तारी के लिए भंगाला (मुकेरियां) में वीरवार शाम को कैंडल मार्च निकाला गया जिसमें विधायक जंगी लाल महाजन, पूर्व विधायक इंदू बाला, सरपंच सुरिंदर सिक्का समेत पूरी पंचायत, समूह गांववासी व परिजन शामिल हुए। ज़िक्रयोग्य है कि 21 साला गौरव आनंद को सोमवार रात कुछ हथियारबंद नौजवानों ने बेरहमी से मारा जिसके बाद मंगलवार को पीजीआई में उसकी मौत हो गई। सीसीटीवी फुटेज में आरोपियों की पहचान के बावजूद पुलिस ने अभी तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं की है। शुक्रवार सुबह साढे 9 बजे समूह भंगाला वासियों व परिजनों नैशनल हाईवे पर शांतिपूणर् ढंग से धरना देंगे। भंगाला मार्किट ने शोक के तहत पूरा बाज़ार बंद रखने का फैसला किया है। (जालंधर ब्रीज, रिपोर्टर)

# जवाहर नवोदय विद्यालय में 11वीं कक्षा की लेटरल एंट्री परीक्षा 22 जुलाई को

• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

प्रिंसिपल जवाहर नवोदय विद्यालय रंजू दुग्गल ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय फलाही में ग्यारहवीं कक्षा में दाखिले के लिए लेटरल एंट्री परीक्षा 22 जुलाई 2023 को होगी। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी जवाहर नवोदय विद्यालय फलाही में ग्यारहवीं कक्षा(लेटरल एंट्री) में दाखिला लेना चाहते हैं वे 31 मई तक नवोदय विद्यालय समिति की वैबसाइट www.navodaya.gov.in पर दिए गए लिंक पर अपनी रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए वे जवाहर नवोदय विद्यालय फलाही के फोन नंबर 01882-289393 या विद्यालय में बनाए गए हैल्प डैस्क से भी संपर्क किया जा सकता है।

# शहर में सफाई के विशेष अभियान 'माई लाइफ-माई क्लीन सिटी' की शुरुआत

• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

नगर निगम होशियारपुर के कमिश्नर कोमल मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर में सफाई के विशेष अभियान 'माई लाईफ-माई क्लीन सिटी' चलाया जाएगा। यह अभियान वातावरण दिवस के मौके पर देश भर में चलाया जा रहा है ताकि लोगों की जीवन शैली में बदलाव लाकर वातावरण की सुरक्षा में भागीदारी यकीनी बनाई जा सके। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान शहर के अलग-अलग स्थानों पर विशेष तौर पर आर.आर.आर. सैंटर बनाए जाएंगे, जहां लोग अपनी प्रयोग करने वाली व रियूजेबल वस्तुएं जमा करवा सकेंगे। उन्होंने बताया कि यह केंद्र स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत रिड्यूज, रियूज व रिसाइकिल के सिद्धांत पर स्थापित किए जाएंगे।

कमिश्नर नगर निगम ने बताया कि आर.आर.आर केंद्रों में शहर के निवासी अपना प्रयोग किया जाने वाला सामान जैसे कि कपड़े, जूते, बैग, खिलौने, किताबें व अन्य स्टेशनरी, इलेक्ट्रानिक का सामान आदि जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी जरुरतमंद व्यक्ति यह सामान नि:शुल्क ले सकेगा और बाकी सामान को रिसाइकिल किया जाएगा। सामान जमा करवाने वालों को वापसी पर उपहार के तौर पर नि:शुल्क खाद, कपड़े के थैले और प्रशंसा पत्र दिए जाएंगे। लोगों की सुविधा के लिए सभी केंद्रों को जियो-टैग किया जाएगा व रोजाना मिलने वाली सामग्री का रिकार्ड रखा जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान प्लास्टिक के लिफाफे, सिंगल यूज प्लास्टिक की वस्तुएं बेचने व प्रयोग करने वालों पर सख्त कार्रवाई व जुर्माना लगाया जाएगा व पेड़ों की जड़ों से टायलों व होर्डिंग्ज को हटाया जाएगा और स्थानीय किस्मों के अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए समूह नागरिकों व संस्थाओं का सहयोग जरुरी है।

# वनडे रैंकिंग : कोहली व रोहित से आगे निकला आयरलैंड का बल्लेबाज

**मुंबई.** आईसीसी वनडे इंटरनेशनल बैटर्स की लेटेस्ट जारी रैंकिंग में बड़ा फेरबदल देखने को मिला है। आयरलैंड के बल्लेबाज हैरी टेक्टर ने रैंकिंग में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा समेत दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को भी पीछे छोड़ दिया है। विराट कोहली और रोहित शर्मा के अलावा भारत के शुभमन गिल टॉप-10 वनडे इंटरनेशनल बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम आईसीसी वनडे रैंकिंग में टॉप बल्लेबाज बने हुए हैं, वहीं दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के रैसी वैन डर डसन हैं। ताजा जारी रैंकिंग में हैरी टेक्टर को 9 स्थानों का फायदा मिला है और वह सातवें पायदान पर पहुंच गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ हाल में खत्म हुई वनडे सीरीज में टेक्टर ने 140 रनों की यादगार पारी खेली थी। उस सीरीज में टेक्टर ने सबसे ज्यादा रन बनाए थे और इसका फायदा उन्हें वनडे इंटरनेशनल बैटर्स की ताजा जारी रैंकिंग में मिला है।

टॉप-5 बल्लेबाजों में तीन तो पाकिस्तान के ही बल्लेबाज हैं। फखर जमां तीसरे और इमाम उल हक चौथे पायदान पर हैं। भारत के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल पांचवें नंबर पर हैं। भारत की ओर से गिल की हाइएस्ट रैंकिंग है। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर छठे पायदान पर हैं, जबकि हैरी टेक्टर सातवें पायदान पर हैं। विराट कोहली को ताजा जारी रैंकिंग में एक पायदान का नुकसान उठाना पड़ा है। वह आठवें पायदान पर फिसल गए हैं। वहीं 9वें नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 10वें पायदान पर हैं।



फोटो- बीसीसीआई

# 2022 में हमने लोगों के घर-घर जाकर वोट मांगा और अब सरकार घर-घर जाकर जनता का काम कर रही : 'आप'

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी(आप) पंजाब के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने मान सरकार की नई पहल 'सरकार आपके द्वार' की तारीफ की और कहा मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में आप सरकार पंजाब के लोगों से किए अपने हर वादे को एक-एक कर पूरा कर रही है और राज्य की तरक्की के लिए दिन-रात काम कर रही है। गुरुवार को चंडीगढ़ स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कंग ने कहा कि 'आप' के लाखों कार्यकर्ता 2022 में लोगों के घर-घर गए और पंजाबियों से राज्य के विकास के लिए पार्टी के



एजेंडे के बारे में बताकर उनसे एक मौका देने की गुहार लगाई। अब हमारी सरकार लोगों के घर जाकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। जालंधर में मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में कैबिनेट की बैठक 'सरकार आपके द्वार' अभियान के तहत लिए गए फैसलों के बारे में बताते हुए मलविंदर कंग ने कहा कि सरकार ने जालंधर शहर के कायाकल्प के लिए 95 करोड़ जारी किए हैं। साथ ही पिछले छह वर्षों से रूकी आदमपुर सड़क परियोजना का शिलान्यास करने के बाद मुख्यमंत्री मान ने जालंधर को देश में एक मॉडल के रूप में विकसित करने की घोषणा की है।

कंग ने कहा कि जिस तरह अरविंद केजरीवाल देश की राजनीति को आकार दे रहे हैं, उसी तरह भगवंत मान राज्य में 'पंजाब की प्रगति' के एजेंडे पर काम कर रहे हैं और बिना किसी भेदभाव के किसानों और नौजवानों समेत हर वर्ग की खुशहाली के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

# प्लेसमेंट कैंप में 21 उम्मीदवारों का रोज़गार के लिए चुनाव

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

जिला रोजगार एवं व्यवसाय ब्यूरो (डीबीईई) द्वारा आज अपने दफ़्तर में लगाए प्लेसमेंट कैंप में 21 उम्मीदवारों का रोज़गार के लिए चुनाव किया गया। रोजगार उत्पत्ति, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण अधिकारी रंजीत कौर ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्लेसमेंट कैंप में एक्सिस बैंक, पेटीएम और एसबीआई क्रेडिट कार्ड लिमिटेड ने पहुँच की और 37 उम्मीदवारों ने भाग लिया, जिनमें से 21 उम्मीदवारों को मौके पर ही रोजगार के लिए चुना गया।

रंजीत कौर ने कहा कि जिला प्रशासन के नेतृत्व में जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो द्वारा युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध करवाने के लिए कई प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे रोजगार के अधिक से अधिक अवसर के लिए ब्यूरो द्वारा समय-समय पर आयोजित प्लेसमेंट कैंप का लाभ उठाएं।उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए युवा जिला प्रशासनिक परिसर स्थित जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो एवं दफ़्तर में संपर्क कर सकते है या हेल्पलाइन नं. 90569-20100 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.